# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

www.avadhkaawaz.com

www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–148 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ रविवार 29 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया


## संक्षिप्त समाचार



उन्नाव। उन्नाव,थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ द्वारा थाना बांगरमऊ में जनता की समस्याओं को सुना गया तथा त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु सर्वसंबन्धित को निर्देशित किया गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना अजगैन, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व न क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

### 3 किलो 300 ग्राम गांजे के साथ अभियुक्ता गिरफ्तार

उन्नाव। थाना मांखी, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सफीपुर



के कुशल पर्यवेक्षण मे मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मांखी पुलिस द्वारा 03 किलो 300 ग्राम गांजा (कीमत करीब 50,000/–रु0) बरामद कर एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना समाधान दिवस पुरवा में जन शिकायतों का निस्तारण करते हुए श्री रवीन्द्र कुमार जिलाधिकारी उन्नाव।

## सीएम योगी ने अफसरों को भेजा सख्त आदेश पूरे प्रदेश में आज के बाद बंद होंगे अवैध पार्किंग



अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। यूपी के कई शहरों में चल रहे अवैध पार्किंग को लेकर सीएम योगी ने सख्ती दिखाई है सीएम योगी आदित्यनाथ ने अवैध रूप से चल रही पार्किंग को बंद कराने के लिए अफसरों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं इसके साथ ही सड़कों के किनारे चल रही ऐसी पार्किंग जहां शेड, पेयजल या शौचालय आदि की सुविधा नहीं है, उन ठेकों को भी निरस्त किया जाएगा निकाय यह काम 24 घंटे में करेंगे। अपर मुख्य सचिव नगर विकास डा. रजनीश दुबे ने इस संबंध में गुरुवार को शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश में कहा गया है कि शासन की जानकारी में आया है कि वर्तमान में कुछ नगर निकायों में सड़क की पटरियों और ऐसे स्थलों पर जहां मूलभूत जरूरी सुविधाएं जैसे शेड, पेयजल, शौचालय आदि की सुविधाएं न होने के बाद भी पार्किंग शुल्क की वसूली की जा रही है कुछ स्थानों पर अवैध रूप से पार्किंग के ठेकों का संचालन भी किया जा रहा है। नगर निकाय क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित पार्किंग को बंद कराने और सड़क की पटरियों पर जरूरी सुविधा के बिना चल रही पार्किंग ठेक।

## भारत में स्वदेशी पोत निर्माण का हब बनने की असीम संभावना है : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि देश में स्वदेशी पोत निर्माण का हब बनने की ''असीम संभावना'' है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र घरेलू उद्योग को विश्व स्तरीय बनाने में मदद के लिए कई नीतियां लाया है। भारतीय तटरक्षक बल के पोत (आईसीजीएस) 'विग्रह' को यहां नौसेना के बेड़े में शामिल करने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि अगले दो वर्षों में दुनियाभर में सुरक्षा पर खर्च दो लाख दस हजार करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। 'विग्रह' सात अपतटीय गश्ती जहाजों में आखिरी जहाज है। उन्होंने कहा, ''ज्यादातर देशों का पूरे एक साल के लिए भी इस स्तर का बजट नहीं है। अगले पांच वर्षों में इसके कई गुना तक बढ़ने की संभावना है। ऐसी स्थिति में आज हमारे पास अपनी नीतियां बनायी है जो हमारे घरेलू उद्योग को मदद करती हैं चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र




क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने, नीतियों का फायदा उठाने और देश को स्वदेशी जहाज निर्माण का हब बनाने की ओर बढ़ने की असीम संभावना है।'' रक्षा मंत्री ने कहा, ''मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि इन संभावनाओं पर विचार करते हुए सरकार ने विश्व स्तर पर पहचान बनाने के लिए पहले ही ऐसी की संस्था हो।'' आईसीजीएस विग्रह पर उन्होंने कहा, ''इसके डिजाइन से लेकर विकास तक यह जलपोत पूरी तरह स्वदेशी है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा के इतिहास में पहली बार निजी क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टूब्रो के साथ एक या दो नहीं बल्कि सात जहाजों के लिए करार हुआ है। सिंह ने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 2015 में इस समझौते पर हस्ताक्षर के सात वर्षों के भीतर आज इन सभी सात जहाजों को शामिल करने की प्रक्रिया पूरी हो गयी है।'' रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि 98 मीटर लंबे जहाज में 11 अधिकारी और 110 नौसैनिकों के सवार होने की क्षमता है तथा इसे लार्सन एंड टूब्रो शिप बिल्डिंग लिमिटेड ने बनाया है। यह उन्नत तकनीकी रडार, नौवहन और संचार उपकरणों, सेंसर से लैस है। आईसीजीएस विग्रह दोहरे इंजन वाले एक हेलीकॉप्टर और चार तेज गति वाली नौकाओं का भार उठा सकता है। जहाज समुद्र में तेल बिखरने से निपटने के लिए प्रदूषण नियंत्रण उपकरण का भार भी उठा सकता है। यह जहाज 40/60 बोफोर्स गन से लैस है। सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे, तटरक्षक बल के महानिदेशक के. नटराजन और तमिलनाडु के उद्योग मंत्री थंगम थेन्नारासू ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## राम मंदिर की बुनियाद का काम पूरा अक्टूबर से शुरू होगा ग्राउंड फ्लोर का निर्माण

अवध की आवाज ब्यूरो

अयोध्या। रामनगरी में बनने वाले भव्य राम मंदिर की नींव का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसके बाद निर्माण कार्य की रूपरेखा और योजना पर मंथन के लिए राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को शुरू हुई। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगे की कार्य योजना पर मंथन हुआ, इस दौरान राष्ट्रपति के राम मंदिर दर्शन को लेकर भी चर्चा हुई। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय कहते हैं कि, वह स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति हैं, जो अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करने आ रहे हैं. लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह भारत वर्ष के प्रथम नागरिक हैं और उनके साथ सुरक्षा की कुछ परंपराएं भी हैं। अगर मुझसे कहा जाएगा और जो मुझसे कहा जाएगा वह मैं करूंगा चंपत राय इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राष्ट्रपति को राम मंदिर निर्माण कार्य की चरणबद्ध प्रक्रियाओं को समझाएगा और क्या आप उस समय मौजूद रहेंगे।

श्री राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक यूं तो शुरुआत से ही लगभग हर महीने होती है लेकिन इस बार की बैठक 27 और 28 अगस्त को हो रही है। तारीखों के लिहाज से यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि, 29 अगस्त को इतिहास के ऐसे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होने जा रहे हैं, जो अयोध्या में आकर रामलला के दर्शन करेंगे और दूसरी बात यह कि, राम मंदिर की नींव का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब बुनियाद का फाउंडेशन तैयार करने के बाद ग्राउंड फ्लोर के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की माने तो स्टोन वर्क यानि पत्थरों का कार्य अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाएगा। इसलिए माना जा रहा है कि, राष्ट्रपति जब राम जन्मभूमि परिसर के अस्थाई मंदिर में दर्शन करने के लिए जाएंगे तब वह उस स्थान का भी निरीक्षण करेंगे। जहां दिव्य और भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, इसीलिए ट्रस्ट के महासचिव कहते हैं कि, जैसा मुझे कहा जाएगा वैसा मैं करूंगा। अगर मुझसे कहा जाएगा तो राम जन्मभूमि परिसर में मैं उनसे मिलूंगा और राम मंदिर निर्माण की प्रगति और उसकी निर्माण प्रक्रिया के बारे में बताऊंगा।



यहां यह जानना महत्वपूर्ण है कि, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पहले ही कहा था कि, सितंबर तक राम मंदिर की बुनियाद का कार्य पूरा हो जाएगा और इसके बाद पहले बुनियाद की ऊपर का स्ट्रक्चर और उसके बाद राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर का कार्य शुरू होगा। राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर का कार्य 2024 तक पूरा हो जाएगा और 2024 में ही रामलला अस्थाई मंदिर से भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे और इसी वर्ष दर्शन पूजन भी शुरू हो जाएगा यानि उनके कहने का मतलब यह है कि, ग्राउंड फ्लोर के निर्माण के बाद ही रामलला उस में विराजमान हो जाएंगे और इसके ऊपर की मंजिल का निर्माण कार्य चलता रहेगा।

## डीएम के आदेश पर देहात कोतवाली पहुंची नगर पालिका की टीम

### कोतवाल देहात संतोष कुमार तिवारी ने नगरपालिका की टीम को प्रांगण में होने वाले विकास कार्य के बारे में दी जानकारी

### सिटी मजिस्ट्रेट बंदना त्रिवेदी ने कोतवाली का जल्द से जल्द कार्य करने का दिया निर्देश



अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। कोतवाली के जर्जर भवन को लेकर जिला अधिकारी के दिशा निर्देश के बाद जल्द से जल्द बदले की कोतवाली देहात की सूरत बताते चलें कि जिला अधिकारी मार्कण्डेय शाही के निर्देश के बाद सिटी मजिस्ट्रेट वंदना द्विवेदी ने नगर पालिका की टीम भेजकर जल्द से जल्द पुलिस कर्मियों का आवास की जांच कर जल्द से जल्द निर्माण कराने का आदेश जारी किया है। बताते चलें कि जिला अधिकारी मार्कण्डेय शाही के निर्देश के बाद सिटी मजिस्ट्रेट बंधन द्विवेदी ने नगरपालिका के जेई व अन्य कर्मियों को कोतवाली देहात में भेज कर जल्द से जल्द पूरी तरीके से कोतवाली देहात का इंटरलॉकिंग के साथ आवास का कार्य जल्द से जल्द कराने का फरमान जारी किया है। ताकि पुलिसकर्मियों को रहने में किसी प्रकार असुविधा ना हो वही सब जानकारी देते हुए देहात कोतवाली के कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि समाधान दिवस पर जिला अधिकारी मार्कण्डेय शाही व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा तथा नगर मजिस्ट्रेट वंदना द्विवेदी कोतवाली देहात मैं बने आवास व प्रांगण की निरीक्षण किया था उसी के बाद से ही डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को जल्द से जल्द विकास कार्य कराने का निर्देश दिया था शनिवार को नगर पालिका द्वारा कोतवाली प्रांगण में जांच पड़ताल किया गया और उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द आपके कोतवाली देहात का विकास कार्य कराया जाएगा ताकि पुलिसकर्मियों को रहने में किसी प्रकार असुविधा ना हो।

## जिला अस्पताल अयोध्या में मरीजों को लिखी जा रही है बाहर की मंहगी दवा

अवध की आवाज, ब्यूरा विनोद

गोंडा। मिली जानकारी के अनुसार लाख प्रयास के बाद भी जिला अस्पताल अयोध्या में कमीशन के खेल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसी तरह अन्य अस्पतालों को ध्यान में रखते हुए गोंडा जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में भी मरीजों को निरूशुल्क दवा दिए जाने की व्यवस्था है, लेकिन डाक्टर बाहर की कमीशन वाली दवा सरकारी पर्ची के साथ एक छोटी पर्ची पर लिख कर मालामाल हो रहे हैं। जिला चिकित्सालय अयोध्या में बेहतर स्वास्थ्य सेवा को खुद चिकित्सक ही पलीता लगा रहे हैं। जिला अस्पताल में भी दवाओं की उपलब्धता के दावे को यहां के चिकित्सक ठेंगा दिखा रहे हैं। ओपीडी में आने वाले हर दूसरे मरीज को ब्रांडेड दवा लिखी जा कमीशन की दवाओं के लिए एक छोटी पर्ची जरूर लिखते हैं। जिला



रही हैं। दवा के नाम पर दो पर्ची थमा दीं। बोले कि यदि इसमें से एक अंदर से मिल जाए तो ठीक नहीं तो दोनों पर्चियों की दवाएं बाहर से खरीद लेना,इससे सरकारी अस्पतालों में मुफ्त और सस्ते उपचार देने की सरकार की मंशा पूरी नहीं हो रही है। मरीज जब एक रुपये की पर्ची लेकर चिकित्सक के पास जाते हैं तो चिकित्सक उस पर कुछ जांच बाहर से कराने को कहते हैं और बाहर मेडिकल स्टोरों पर मिलने वाली अस्पताल में गरीबों का हो रहा शोषण,बाहर मेडिकल स्टोर की लिखी जा रही दवा,जिला अस्पताल के डॉक्टर धड़ल्ले से बाहर के लिख रहे दवा,बाल रोग विशेषज्ञ 1050 रुपये की लिख रहे महंगी सिरप,1050 रुपये की महंगी सिरप नहीं खरीद सकता गरीब, कमीशन के चलते लिखी जा रही महंगी दवाएं,जिला अधिकारी के आदेश का उड़ रहा माखौल,पूर्व में कई बार जिला अधिकारी निरीक्षण कर शर्मिंदा कर चुके हैं डॉक्टरों को,फिर भी नहीं मान रहे है।

## मनरेगा के कार्य में न हो लापरवाही –दीपक यादव ने ली सप्ताह मीटिंग

माधौगढ़/जालौन। ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार यादव और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लोकेन्द्रसिंह यादव ने एक बैठक पंचायत मित्रों के साथ करते हुए कड़ाई के साथ निर्देश दिए हैं कि मनरेगा का कार्य शत–प्रतिशत हो । काम में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी । इस मौके पर



सहायक विकास अधिकारी छेदा लाल दोहरे , सभी सचिवों के साथ पंचायत मित्र मौजूद रहे।

## भूमि विवाद में जिला पंचायत सदस्य ने युवक के हाथ पैर तोड़े

अवध की आवाज, ब्यूरो

गोंडा। अयोध्या हाईवे पर नगवा मोड़ के पहले तहसील से



घर लौट रहे युवक को बाइक से उतारकर जिला पंचायत सदस्य इंदल यादव उनके सहयोगियों के द्वारा हाथ पैर तोड़ दिया गया इस प्रकार पिटाई से घायल युवक को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों के सहयोग से एंबुलेंस से सीएचसी पर लाया गया जहां उसकी स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया , पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया समाधान दिवस में प्रार्थना देकर जिला पंचायत सदस्य द्वारा मारने की धमकी दिए जाने की गुहार लगाई थी । मामला बीते बुधवार की शाम का है। पीड़ित के परिजनों के अनुसार गुड्डू यादव पुत्र राम सुभावन यादव निवासी ग्राम तिरकॉली अपने ही गांव के सत्यवान सिंह के साथ बाइक से घर लौट रहा था।

## सहायक विकास अधिकारी द्वारा बिना निरीक्षण किए लगाई गई जांच आख्या

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली–सीतापुर। विकास खंड सिधौली अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया मे सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य अधूरा पडा है। भुगतान हो गए कार्य पूरा नही हुआ। बस बाहर से रंगाई पुताई करा कर पैसा निकाल लिए है। जबकि सामुदायिक शौचालय टाइल्स व वाटर सप्लाई का भुगतान दिसम्बर माह मे किया जा चुका है।ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार द्वारा सामुदायिक शौचालय रखरखाव हेतु जय दुर्गा स्वयं सहायता समूह 14/08/2021 को भुगतान कर दिया है। शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण नही तो रखरखाव किसका और कैसे ।ग्राम पंचायत सदस्य सत्यपाल सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई गई । जिसकी शिकायत संख्या 40015421045974 है। जिसकी जांच रिपोर्ट आख्या मे जांच अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)सिधौली–सीतापुर के द्वारा बिना निरीक्षण किए जांच रिपोर्ट 26ध्8ध्2021 को सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्वयं सहायता समूह हैण्ड ओवर और भुगतान कियागयाहै। जबकि आज दिनांक 28/08/2021 को पंचायत सचिव ब्रजेश गौतम के द्वारा आज कार्य को आनन फानन मे लीपा पोती करने मे जुटे हुए है।

# सम्पादकीय

## खेल रत्न ध्यान चंद को भारत रत्न कब

भारत के लिए गौरव का विषय है कि हाल ही में जापान की राजधानी टोक्यो में संपन्न हुए 2020 ओलंपिक खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कांस्य पदक जीत कर अपना अतीत का रुतबा पुनः हासिल किया है। इस पदक ने देश के करोड़ों हॉकी प्रेमियों को सुकून के लम्हें प्रदान किए हैं। इसलिए एक मुद्दत गुजर जाने के बाद जीते गए इस कांस्य पदक की अहमियत स्वर्ण पदक से कम नहीं है। इससे पूर्व 1964 में इसी टोक्यो में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम ने अपना सातवां स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था। हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि 1964 की उस स्वर्णिम हॉकी टीम का शानदार नेतृत्व हिमाचली दिग्गज चरणजीत सिंह (पद्मश्री) ने किया था तथा इस टोक्यो 2020 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम में हिमाचल के हॉकी खिलाड़ी वरुण शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई है। यह बात स्पष्ट है कि पर्वतीय राज्य हिमाचल में दशकों पहले भी अंतरराष्ट्रीय या ओलंपिक स्तरीय खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं थी और न ही अब है। दशकों से राज्य के कई खिलाड़ी विश्व खेल पटल पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो हमारे खिलाडियों की कड़ी मेहनत व लगन को दर्शाता है। मगर जब बात हॉकी की हो तथा हॉकी के खलीफा मेजर ध्यान चंद का जिक्र न किया जाए तो भारतीय हॉकी की सल्तनत का गौरवमयी इतिहास अधूरा रह जाएगा। हॉकी की दुनिया का एक ऐसा दमदार चेहरा जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है। भारतीय हॉकी के उस महान् पुरोधा का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ था। देश में उनके जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ध्यान चंद ने सन् 1922 में ब्रिटिश इंडियन आर्मी में सिपाही की हैसियत से जीवन की शुरुआत करके वहीं हॉकी के खेल को अपना लक्ष्य बना लिया था। हॉकी के प्रति बेपनाह मोहब्बत के जज्बात रखने वाले ध्यान चंद के जहन में जीत का जज्बा व जुनून तथा भारत को हॉकी का विश्व चौंपियन बनाने की गजब की जिद्द मौजूद थी जिसका परिणाम 1928 के 'एम्सर्टडम ओलंपिक खेलों में सामने आया जब भारतीय हॉकी टीम पहली मर्तबा ओलंपिक में शामिल हुई तथा ध्यान चंद की बदौलत ओलंपिक महाकुंभ में अपना शानदार आगाज स्वर्ण पदक जीतकर किया था। उसके बाद 1932 'लॉस एंजिल्स में स्वर्ण व 1936 के 'बर्लिन ओलंपिक में ध्यान चंद ने अपनी कप्तानी में गोल्ड मेडल जीतकर हॉकी की स्वर्णिम हैट्रिक लगाई तथा भारतीय ओलंपिक दल के ध्वज वाहक भी रहे थे। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1940 व 1944 के दो ओलंपिक खेल रद्द हुए थे, मगर भारतीय हॉकी का स्वर्णिम दौर '1948 लंदन, '1952 हेलसिंकी तथा '1956 मेलबॉर्न ओलंपिक तक अनवरत जारी रहा। 1960 के 'रोम ओलंपिक में 'रजत पदक, 1964 टोक्यो में स्वर्ण तथा 1968 के मैक्सिको व 1972 के म्युनिख ओलंपिक में भारतीय हॉकी ने 'कांस्य पदक जीते थे। इस प्रकार भारतीय हॉकी ओलंपिक महाकुंभ में अब तक 8 स्वर्ण, एक रजत व 3 कांस्य पदक जीतकर विश्व खेल पटल पर एक सम्मानित मुकाम हासिल कर चुकी है। 70 के दशक तक भारतीय हॉकी विश्व की हॉकी टीमों के लिए खौफ बन चुकी थी। इसी दौरान यूरोपीय देशों ने एस्ट्रोटर्फ के जरिए हॉकी को एक नया रूप दे दिया। नतीजतन घास के मैदानों का वजूद समाप्त हुआ तथा हॉकी एस्ट्रोटर्फ पर खेली जाने लगी। हालांकि इसी दौरान भारतीय टीम ने 1975 का 'हॉकी विश्व कप तथा 1980 के मॉस्को ओलंपिक में 'स्वर्ण पदक जरूर अपने नाम किए, मगर एस्ट्रोटर्फ के असर ने भारतीय हॉकी के समृद्ध इतिहास को काफी हद तक प्रभावित करके इसके वर्चस्व को चुनौती दे डाली। लेकिन टोक्यो 2020 ओलंपिक में पुरुष व महिला हॉकी टीमों ने अपने उम्दा प्रदर्शन से संकेत दिया है कि भारतीय हॉकी अपने सुनहरे खेल इतिहास को दोहराने की पूरी क्षमता रखती है। वर्तमान में हिमाचल में भी हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ बिछ चुके हैं। यदि खेल संघों व खेल व्यवस्थाओं पर आसीन अहलकार खेल प्रतिभाओं को तराशने तथा खेलकूद मामलों से जुड़े मंत्रालय उन्हें बुनियादी खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने में तत्परता दिखाएं तो करोड़ों रुपए की लागत से तैयार किए गए एस्ट्रोटर्फ का लाभ उठाकर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में राज्य को गौरवान्वित कर सकते हैं।

बहरहाल ओलंपिक पोडियम पर भारतीय हॉकी की स्वर्णिम बुनियाद के मुख्य शिल्पकार मेजर ध्यान चंद ही थे जिन्होंने अपने खेल हुनर से आकर्षित करके करोड़ों लोगों को हॉकी का दीवाना बना दिया था। ध्यान चंद जब तक खिलाड़ी, कोच व मैनेजर के रूप में टीम के साथ रहे, विश्व में भारतीय हॉकी की बादशाहत कायम रही। सन् 1956 में भारतीय सेना (पंजाब रेजिमेंट) से सेवानिवश्ति के समय सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से नवाजा था। भारतीय ओलंपिक संघ मेजर ध्यान चंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित कर चुका है। इसी अगस्त माह में भारत सरकार ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान का नाम 'मेजर ध्यान चंद खेल रत्न रखकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया है। इसके अलावा देश में 'ध्यान चंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी दिया जाता है। मेजर ध्यान चंद का हॉकी के प्रति समर्पण इस कदर था कि उन्होंने अपनी आत्मकथा का नाम भी 'गोल ही रखा था। 185 मैचों में 570 गोल हॉकी जगत की एक ऐसी बेमिसाल उपलब्धि है जो किसी भी हॉकी खिलाड़ी को आश्चर्यचकित करके सोचने पर मजबूर करती रहेगी, बल्कि यह करिश्मा एक ख्वाब बनकर रह जाएगा। आज तक विश्व का कोई भी हॉकी खिलाड़ी इस कीर्तिमान के नजदीक नहीं पहुंच सका। हॉकी जगत में अपने खेल हुनर की अमिट छाप छोडने वाले कुशल महारथी ध्यानचंद ने 3 दिसंबर 1979 को दुनिया को अलविदा कह दिया था। विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाडियों में शुमार करने वाले मेजर ध्यान चंद के हॉकी में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस सम्मान की मांग दशकों से उठ रही है। इस विषय पर हमारे हुक्मरानों को अपनी खामोशी पर रुख स्पष्ट करना होगा। खेल दिवस के अवसर पर 'हॉकी के जादूगर को राष्ट्र शतशत् नमन करता है और उन्हें याद करता है।

# यूपी विधानसभा चुनाव में सपा की तैयारी : साइकिल पर सवार होंगे बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिब्कातुल्लाह अंसारी

लखनऊ। पूर्वांचल की सियासत में खासा दखल रखने वाले बसपा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिब्कातुल्लाह अंसारी शनिवार को समर्थकों के साथ सपा की सदस्यता लेने जा रहे हैं। उन्हें सुबह 10 बजे पार्टी कार्यालय बुलाया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि बड़े भाई के जरिए नए दल में अंसारी परिवार का सियासी सफर शुरू होगा।

सिब्कातुल्लाह अंसारी गाजीपुर के मोहम्मदाबाद विधानसभा सभा क्षेत्र से 2007 में सपा और 2012 में कौमी एकता दल से विधायक रहे। 2017 में बसपा से मैदान में उतरे, लेकिन पराजय का सामना करना पड़ा। पंचायत चुनाव के दौरान ही अंसारी बंधुओं के हाथी से उतर कर साइकिल पर सवार होने की रणनीति तैयार की गई। कई दौर की बातचीत भी हो गई।



विधानसभा चुनाव के लिए फूंक–फूंक कर कदम रख रही सपा ने बसपा विधायक मुख्तार अंसारी और सांसद अफजाल अंसारी को पार्टी की सदस्यता दिलाने से अभी परहेज कर रही है। ऐसे में बीच का रास्ता निकालते हुए उनके बड़ भाई सिब्कातुल्लाह अंसारी को सदस्यता दिलाई जा रही है। सिब्कतुल्लाह ने स्वीकार किया कि वह समर्थकों के साथ शनिवार को सपा की सदस्यता लेंगे। उनके साथ बसपा सहित विभिन्न दलों के करीब दो दर्जन वरिष्ठ नेता भी सपा में शामिल होंगे। पूर्वांचल की करीब 10 सीटों पर अंसारी बंधुओं का प्रभाव बताया जाता है।

**चौधरी भी तैयार**

सपा सूत्रों का कहना है कि शनिवार को मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रहे अंबिका चौधरी भी विधिवत सपा की सदस्यता ले सकते हैं। वह 1993 से लगातार कोपाचीट (अब फेफना) विधानसभा सीट से विधायक रहे। वर्ष 2012 में भाजपा के उपेंद्र तिवारी से चुनाव हारे। 2017 में बसपा के टिकट पर फेफना से चुनाव लड़े, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने बसपा से इस्तीफा दे दिया था। पंचायत चुनाव के दौरान उनके बेटे आनंद चौधरी ने सपा की सदस्यता ली और जिला पंचायत अध्यक्ष बन गए। तभी से अंबिका के लौटने की चर्चा थी।

# हरे पेड़ों को सूखा पेड़ बता कर बनवा लेते है परमिट अधिकारी भी नही करते जाँच

## पेड़ ही जींवन है उस पर लगा रहे पलीता कुछ छूट भैय्या ठेकेदार

निघासन खीरी। मामला निघासन क्षेत्र के झण्डी चौकी का है जहाँ लगातार हरे पेड़ो पर चल रहे सारे आम आरे बिना पेड़ों के देखे अधिकारी आखिरकार कैसे दे देते है परमिशन क्या हरे पेड़ों को काटने भी मिल जाता है। परमिशन जबकि प्रशासन द्वारा से मिलकर कुछ अला अधिकरियों से पैसे ले दे कर परमिशन बनवा लेते हैं।वो अधिकारी एक बार भी पेड़ो को देखने तक नही जाते की वो पेड़े हरे है या सूखे और उसके बाद ठेकेदार हरे पेड़ों पर आरे चला देते हैं सरेआम काट रहे आम के हरे पेड़ इन पेड़ को काटने वालों



परमिट लेने के लिए बताया यह जाता है की जिस पेड़ में कोई रोग लगा हो या फल देने से वंचित रह जाते हो या फिर पेड़ सुख गया हो उन पेड़ों को ही सरकार काटने व जलाने के लिए परमिशन दिया जा सकता है पर यहाँ तो सीधे उसी बात का उल्टा हो रहा है। अच्छा खासा हरा पेड़ और वो भी जो आम का पड़े है जिसका इतनी जल्दी परमिट ही नही बनता उस हरे पेड़ पे लगातार आरे चल रहे है।जो हम सभी को ऑक्सीजन देता है। पर इंसान तो सव्रथी है न उसे जब उस चीज की जरूरत हो तो मिले सरेआम प्रसासन से आंख मिचौली कर के हरे पेड़ काटे जा रहे हैं जोकि अभी कुछ सालों पूर्व के ही लगाए गए हैं कुछ सालों के पेड़ों को काटना कानूनन अपराध है पर कुछ छुट भैय्या दलाल छूट भैय्या ठेकेदारो माफियाओं पर क्यों नहीं होती कार्यवाही क्यों प्रशासन अपने आँख कान मुद्द कर बैठा हैं क्या उनको भी पैसे दे दिए जाते हैं इस कार्य के लिए वही दूसरी तरफ सरकार द्वारा पेड़ों को उगाने की मुहिम चलाई जा रही है पेड़ लगाओ और जींवन बचाओ उस पर सरेआम पलीता लगा रहे वन विभाग के कुछ आला अधिकारी आखिर कब थमें गा ये सब कार्य।और अगर यही कोई गरीब इंसान अपना ही पेड़ अपने खते से जलाने के लिए ले आता है तो उस पर कारवाही करने की धमकी दी जाती है। वह रे योगी राज बॉक्स हेतु आखिरकार कब थामे गा ये भ्रष्टाचार,कब खत्म होगी इन माफियाओं की हेंकड़ी क्या यही योगी राज है। क्या ऐसे ही भ्रष्टाचार मुक्त होगा सभी विभाग भ्रष्टाचार से लिप्त है कोई पूछने वाला नही।

# सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

अवध की आवाज ब्यूरा

सीतापुर। (सू0वि0) जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग सीतापुर द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालक) हाजीपुर, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) मुर्तजागर एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) रहीमाबाद सीतापुर में शिक्षा सत्र 2021–22 में कक्षा 06, 07, 08 एवं 09 में रिक्त स्थानों पर छात्र–छात्राओं के प्रवेश हेतु समाज कल्याण विभाग सीतापुर द्वारा प्रवेश परीक्षा दिनांक 24.09.2021 को आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 11 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश कक्षा 10 बोर्ड परीक्षाफल की मैरिट के आधार पर किया जायेगा।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कक्षावार रिक्त सीटों के सापेक्ष विज्ञापन दिनांक 26 अगस्त को प्रकाशित किया जा चुका है। इच्छुक छात्र–छात्राएं संबंधित विद्यालय से प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये आवेदन पत्र दिनांक 17.09.2021 तक प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। परीक्षणोपरांत पात्र आवेदकों की सूची प्रकाशन की अन्तिम तिथि 20 सितम्बर 2021 है। दिनांक 24 सितम्बर 2021 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा 28 सितम्बर 2021 को सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जायेगी।

# कोतवाली उरई एवं थाना डकोर में डीएम तथा एसपी ने की समाधान दिवस की अध्यक्षता

अवध की आवाज ब्यूरा

*माधौगढ़ (जालौन) जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कोतवाली उरई व डकोर थाना में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की। थाना समाधान दिवस पर आए शिकायत कर्ताओं की मौके पर ही समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायतों को गुणवत्ता परक निस्तारण किया जाए शिकायतकर्ता को बार–बार चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायत कर्ताओं से फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने शिकायत पंजिका अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि शिकायत पंजिका में दर्ज शिकायतों का रेंडम जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों को गुड दोष के आधार पर निराकरण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सरकारी भूमि पर कब्जा न हो। उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर कब्जा है उसे तत्काल कब्जा मुक्त कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

# दलित उत्तराधिकारी बनाने की घोषणा मायावती के सोशल इंजीनियरिंग को पहुंचा सकता है नुकसान

लखनऊ, (वेब वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती दलित वर्ग की राजनीति तो करती हैं लेकिन किसी दलित को आज तक ऊपर उठाने में सहयोग नहीं किया। यही नहीं किसी दलित के राजनीति में आने से पहले ही मायावती को अपना वर्चस्व खोने का डर सताने लगता है। यही कारण है कि भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद का हर समय विरोध किया। जब सोनभद्र में दलितों की हत्या हुई और प्रियंका वहां पहुंची तो उनके खिलाफ बयान दिया। अब नया पीड़ा कांग्रेस द्वारा जारी मेनफेस्टो ने मायावती को पीड़ा दे दिया है। उन्होंने शुक्रवार को किसी दलित को ही अपना उत्तराधिकारी बनाने की घोषणा तो कर दीं, लेकिन किसी दलित को अपनी पार्टी में भी सेकेंड मैन के तौर पर आगे नहीं बढ़ाया। अब मायावती द्वारा दलित वर्ग के उत्तराधिकारी की घोषणा उनकी सोशल इंजीनियरिंग पर भी धक्का पहुंचा सकता है। 17 वर्ष पहले ब्राह्मणों दलितों के गठजोड़ का नारा देकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती को इस वर्ष फिर ब्राह्मणों की याद आयी है लेकिन दलित वर्ग के उत्तराधिकारी बनाने की घोषणा ब्राह्मणों को नाराज भी कर सकता है। इस संबंध में दलित विचारक प्रोफेसर बद्री नारायण का कहना है कि यदि दलित वर्ग की राजनीति करनी है तो यह घोषणा तो उनको विश्वास में लाने के लिए करना ही था। कोई भी नेता दूसरे किसी अपने वर्ग के लोगों को आगे इस कारण नहीं बढ़ाना चाहता कि उसे उससे आगे निकल जाने का डर रहता है। वहीं राजनीतिक विश्लेषक राजीव रंजन का कहना है कि राजनीतिक जमीन खो चुकी मायावती को इस बार कई तरह का डर सता रहा है। ब्राह्मण वर्ग उनके साथ आएगा या नहीं यह तो बाद की बात है। पिछली बार भी दलित वर्ग का एक बड़ा हिस्सा कट गया था और इस बार भी उसके कटने के ही आसार हैं। मायावती को यही डर सता रहा है। इस कारण उन्होंने इस तरह की घोषणा की है। यह मायावती का अहम कहें या डर लेकिन वे अपनी पार्टी में भी किसी को आगे बढ़ते देखती हैं तो उसे सीधे बाहर का रास्ता ही दिखा देती है। जबसे उन्होंने सत्ता का स्वाद चखा, उसके बाद लोगों के दुख–दर्द में सहभागी होना बंद कर दिया। वे सत्ता से बाहर होते ही सिर्फ भीतर रहकर ही बयान देती रहती हैं। बसपा कभी बड़ा आंदोलन भी नहीं करती। इसका कारण दलित चिंतक राम मनोहर का कहना है कि दलित वर्ग सड़क पर उतरकर लाठी खाने का आदी कभी का नहीं रहा। इस कारण यदि किसी आंदोलन में लाठी चार्ज हो गया तो दलित वर्ग बिछड़ जाने का डर बना रहता है। इसी कारण सोची–समझी राजनीति के कारण मायावती कभी आंदोलन नहीं करती हैं।



अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। 11हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोरी की हुई मौत, किशोरी छत पर गई थी किसी काम से, छत पर निकली 11 हजार हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आने से किशोरी की हुई मौत, जब तक परिजन पहुंचे छत पर तब तक किशोरी की हो चुकी थी मौत, थाना मिश्रिख इलाके के मोहल्ला रन्नूपुर वार्ड का मामला है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया।

# लोकप्रिय विधायक शशांक वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ सामूहिक विवाह का कार्यक्रम

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन। रमिया बेहड़ ब्लाक में सामुहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें लोकप्रिय विधायक



शशांक वर्मा के नेतृत्व में 50 जोड़ों का हुआ विवाह सम्पन्न जिसमें 5जोडे मुस्लिम समुदाय हु रहे समिल कार्यक्रम संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक शशांक वर्मा नेसभा को संबोधित करते हुए बताया कि जब से भाजपा की सरकार बनी है! तब से लोगों पता चला है कि सरकार द्वारा कितनी योजनाएं चलाई जाती है! पूर्ववर्ती सरकारों में जन जन तक योजनाएं पहुँच नही पाती थी लोगों को पता तक नहीं चलता था कि कितनी योजनाएं चल रही है! पूर्ववती सरकारों ने केवल कागजों तक योजनाएं रहती थी लोगों को पता तक नहीं चलता था!और कहा कि जीतने के कोई जनप्रतिनिधि जीतने बाद क्षेत्र में दिखता तक ही था! लेकिन 2017 का चुनाव जीतने के बाद निघासन विधानसभा में निरन्तर हम लोगों ने मिशाल कायम की है! क्षेत्र में निरन्तर रहकर लोगों की समस्याओं को सुनकर निदान करता हूँ! भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के नाम पर काम कर रही है! पहले विजली दिन के सप्ताह रात के सप्ताह के हिसाब से आती थी! अब काफी मात्रा में बत्ती मिल रही है!और कोरोना काल को देखते हुए प्रत्येक परिवार को निरूशुल्क राशन सरकार दे रही है! ऐसे विभिन्न प्रकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का बखान किया! कार्यक्रम में मोजूद रहे ब्लाक प्रमुख अमित वमा 'विकास खंड अधिकारी आलोक वर्मा, राकेश कुमार सिंह, ध्रुव कुमार वर्मा, निवर्तमान मंडल महामंत्री कन्हैया लाल वर्मा, रविकांत सोनी, आशीष वर्मा, सहित समस्त भाजपा के पदाधिकारी,व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

# महिला जनसुनवाई 01 सितम्बर को

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। (सू0वि0) जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति फेज–3 के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता बंसल दिनांक–01 सितम्बर 2021 दिन–बुधवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील सदर के सभागार में महिला उत्पीड़न एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु जनसुनवाई करेंगी। यदि किसी महिला को कोई शिकायत है तो वह महिला अपनी शिकायत तहसील सदर के सभागार में उपस्थित होकर दर्ज करा सकती है।

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव का क्षेत्र, कानपुर में फिर सक्रिय होगा मानसून

## एक सप्ताह तक या इससे अधिक दिनों तक प्रभावी रहेगा निम्न दबाव का क्षेत्र

कानपुर, (वेब वार्ता)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीते दिनों भले ही मानसून कमजोर रहा, लेकिन कानपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होती रही। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिल सकी। एक बार फिर अगस्त माह के आखिरी दिनों में बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिससे कानपुर व आस–पास के जनपदों में मानसून सक्रिय होकर बारिश करेगा। चंद्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटों में उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। जैसा कि अनुमान था कि उड़ीसा तट से दूर बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र दिखाई दिया है, जिसकी एक ट्रफ रेखा उत्तर की ओर पश्चिम बंगाल तक फैली है। यह मौसमी सिस्टम व्यवस्थित होने के साथ अधिक चिन्हित हो सकती है और यह कमजोर निम्न दबाव वाले क्षेत्र में बदल सकती है। एक हाइब्रिड सिस्टम, आंशिक रूप से समुद्र के ऊपर और शेष भूमि पर कल या परसों उड़ीसा के तटीय भागों और इससे सटे बंगाल की खाड़ी से होकर गुजरेगा। इसके 30 अगस्त को समुद्र को पार करने और अंतरदेसी स्थान तक होने की उम्मीद है जो उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश दक्षिण क्षेत्र छत्तीसगढ़ और उत्तरी तेलंगना के कुछ हिस्सों को कवर करता है। बताया कि इस मौसमी सिस्टम के अधिक तीव्र होने की संभावना नहीं है, लेकिन सितंबर के पहले सप्ताह में पश्चिमी और उत्तरी भागों में स्थानांतरित होने से पहले गतिविधि का प्रसार पूर्व और मध्य भागों में एक साथ बड़े पैमाने पर होगा इससे लगातार और मूसलाधार गतिविधि होने की संभावना नहीं है। लेकिन उड़ीसा आंध्र प्रदेश छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र मध्य प्रदेश राजस्थान और गुजरात में रुक–रुक कर बारिश के साथ मध्यम तीव्रता की बारिश होने की संभावना है। इसने दबाव के परिधिय और अवशेष पश्चिम बंगाल झारखंड बिहार उत्तर प्रदेश तेलंगाना दिल्ली हरियाणा और उत्तराखंड में मौसम की स्थिति को प्रभावित करेंगे। यह निम्न दबाव का क्षेत्र लगभग एक सप्ताह तक या उससे भी अधिक दिनों तक प्रभावी रहेगा। इस प्रणाली से बाढ़ जलजमाव की स्थिति बनने के आसार नहीं है, लेकिन नियमित गतिविधियों में विधान नहीं होगा बल्कि मुख्य मानसून लाखों के वर्षा सिंचित क्षेत्र इस मौसम का लाभ उठाएंगे। ऐसे में 29 अगस्त से बारिश की गतिविधियां कानपुर सहित पूरे मंडल में शुरू होने की संभावना है।



अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। दिनांक 28.08.2021 को पुलिस लाइन्स सीतापुर में बी0सी0एम0 अस्पताल खैराबाद एवं उ0प्र0 आदर्श व्यापार मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में आर्थोपेडिक चिकित्सा का निःशुल्क शिविर लगाया गया। जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कैम्प में हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर मोहित गोयल द्वारा पुलिस कर्मियों तथा उनके परिजनों का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

# दलित उत्तराधिकारी बनाने की घोषणा मायावती के सोशल इंजीनियरिंग को पहुंचा सकता है नुकसान

## बसपा प्रमुख की राजनीति तो करती हैं लेकिन किसी दलित को सेकेंड मैन नहीं बनने दिया

## दलितों के पीड़ा में आज तक सरीक न होने वाली मायावती को दलित वर्ग का वोट बैंक भी खोने का डर सता रहा

लखनऊ, (वेब वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी(बसपा) प्रमुख मायावती दलित वर्ग की राजनीति तो करती हैं लेकिन किसी दलित को आज तक ऊपर उठाने में सहयोग नहीं किया। यही नहीं किसी दलित के राजनीति में आने से पहले ही मायावती को अपना वर्चस्व खोने का डर सताने लगता है। यही कारण है कि भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद का हर समय विरोध किया। जब सोनभद्र में दलितों की हत्या हुई और प्रियंका वहां पहुंची तो उनके खिलाफ बयान दिया। अब नया पीड़ा कांग्रेस द्वारा जारी मेनफेस्टो ने मायावती को पीड़ा दे दिया है।

उन्होंने शुक्रवार को किसी दलित को ही अपना उत्तराधिकारी बनाने की घोषणा तो कर दीं, लेकिन किसी दलित को अपनी पार्टी में भी सेकेंड मैन के तौर पर आगे नहीं बढ़ाया। अब मायावती द्वारा दलित वर्ग के उत्तराधिकारी की घोषणा उनकी सोशल इंजीनियरिंग पर भी धक्का पहुंचा सकता है। 17 वर्ष पहले ब्राह्मणों दलितों के गठजोड़ का नारा देकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती को इस वर्ष फिर ब्राह्मणों की याद आयी है लेकिन दलित वर्ग के उत्तराधिकारी बनाने की घोषणा ब्राह्मणों को नाराज भी कर सकता है।

इस संबंध में दलित विचारक प्रोफेसर बद्री नारायण का कहना है कि यदि दलित वर्ग की राजनीति करनी है तो यह घोषणा तो उनको विश्वास में लाने के लिए करना ही था। कोई भी नेता दूसरे किसी अपने वर्ग के लोगों को आगे इस कारण नहीं बढ़ाना चाहता कि उसे उससे आगे निकल जाने का डर रहता है। वहीं राजनीतिक विश्लेषक राजीव रंजन का कहना है कि राजनीतिक जमीन खो चुकी मायावती को इस बार कई तरह का डर सता रहा है। ब्राह्मण वर्ग उनके साथ आएगा या नहीं यह तो बाद की बात है। पिछली बार भी दलित वर्ग का एक बड़ा हिस्सा कट गया था और इस बार भी उसके कटने के ही आसार हैं। मायावती को यही डर सता रहा है। इस कारण उन्होंने इस तरह की घोषणा की है।

यह मायावती का अहम कहें या डर लेकिन वे अपनी पार्टी में भी किसी को आगे बढ़ते देखती हैं तो उसे सीधे बाहर का रास्ता ही दिखा देती है। जबसे उन्होंने सत्ता का स्वाद चखा, उसके बाद लोगों के दुख–दर्द में सहभागी होना बंद कर दिया। वे सत्ता से बाहर होते ही सिर्फ भीतर रहकर ही बयान देती रहती हैं। बसपा कभी बड़ा आंदोलन भी नहीं करती। इसका कारण दलित चिंतक राम मनोहर का कहना है कि दलित वर्ग सड़क पर उतरकर लाठी खाने का आदी कभी का नहीं रहा। इस कारण यदि किसी आंदोलन में लाठी चार्ज हो गया तो दलित वर्ग बिछड़ जाने का डर बना रहता है। इसी कारण सोची–समझी राजनीति के कारण मायावती कभी आंदोलन नहीं करती हैं।

# स्वच्छ हवा नागरिकों का मौलिक अधिकार, हर हाल में कम करना होगा प्रदूषणः सुरेश प्रभू

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। स्वच्छ हवा और पानी हर नागरिक का अधिकार है। लेकिन स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। हमें वायु की खराब गुणवत्ता के मूल कारणों पर बात करनी होगी। ये कहना है पूर्व रेलमंत्री और सांसद सुरेश प्रभु का। वह




सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सीएसटीईपी) में सेंटर फॉर एयर पॉल्यूशन स्टडीज (सीएपीएस) की ओर से आयोजित भारत स्वच्छ वायु शिखर सम्मेलन (आईसीएएस 2021) में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि, ऊर्जा के इस्तेमाल के तरीकों को बदल कर, परिवहन के तरीकों में बदलाव करके, औद्योगिक प्रदूषण को कम करके, बेहतर प्रबंधन के माध्यम से इस पर काबू पाया जा सकता है। समाधान उपलब्ध हैं, परिवर्तन संभव है, लेकिन केवल समर्पित और समन्वित प्रयासों से ही हम वायु प्रदूषण के मूल कारण को समझ सकते हैं। नागरिकों को स्वच्छ वायु प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति अध्ययन केंद्र (सीएसटीईपी) के कार्यकारी निदेशक डॉ जय असुंडी ने कहा कि, हमारा ध्यान वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को दूर करने पर है। आईसीएएस के माध्यम से हम मजबूत नीतियों को तैयार करने में मदद करने के लिए वायु प्रदूषण पर महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद करते हैं। वहीं दिल्ली रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन एंड इनोवेशन की सीईओ शिल्पा मिश्रा ने कहा कि, नीति निर्माताओं के सामने वायू प्रदूषण के कारण हो रहे मौसमी बदलाव पर ध्यान देने और उसके समाधान निकालने की चुनौती है।

### वर्तमान नीतियां से केवल आर्थिक गतिविधि को फायदा, प्रदूषण नियंत्रण नहीं

पर्यावरण और जलवायु कार्यक्रम, ब्लूमबर्ग की भारत निदेशक प्रिया शंकर ने कहा कि, हमारे पास बहुत सारी अच्छी नीतियां हैं। लेकिन सही प्रकार की नीतियों के साथ आने के लिए सटीक डेटा प्राप्त करने के लिए हमें कड़े नियामक तंत्र और कम लागत वाले तरीकों को लागू करने की आवश्यकता है।

रिसर्च स्कॉलर डॉ ग्रेगर कीसेवेटर का कहना था कि, भारत में वर्तमान नीतियां केवल आर्थिक विकास की भरपाई करेंगी, वायु प्रदूषकों के कारणों को कम नहीं करेंगी। वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के लिए कठोर नीतियों की आवश्यकता है।

वहीं मेदांता रोबोटिक संस्थान के सह अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि, वायु प्रदूषण आज एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल है। पहले, मेरे फेफड़ों के कैंसर के लगभग 5 % रोगी धूम्रपान न करने वाले थेय अब उनमें से लगभग 50 % धूम्रपान न करने वाले हैं। हालांकि, भारत में आज हर कोई धूम्रपान करने वाला है, जिसमें नवजात शिशु भी शामिल हैं, क्योंकि वे प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। हमें इस पर और जागरूकता की जरूरत है.।

एचईआई के अध्यक्ष डॉ डेनियल एस ग्रीनबाम ने कहा कि हमें न केवल वायु प्रदूषण, बल्कि इसके स्वास्थ्य प्रभावों के संदर्भ में सबसे अधिक प्रभाव वाले स्रोतों की पहचान करने की आवश्यकता है।

द जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ इंडिया के कार्यकारी निदेशक प्रो विवेकानंद झा ने कहा कि लगभग 6: वैश्विक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। भारत 8–10% की सीमा में है, और बढ़ रहा है। डर यह है कि एक बार महामारी की स्थिति में सुधार होने पर, लोग अपने पुराने तरीकों पर वापस चले जाएंगे. क्योंकि आर्थिक गतिविधि इतना धीरे है, लोग वापस पटरी पर आने के लिए बेताब हैं। जब तक हम लोगों को बेहतर विकल्प नहीं देते, तब तक चीजें बेहतर होने पर वे अपने पुराने तरीकों पर वापस चले जाएंगे।

टोयोटा कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने कहा कि हमें जल्द से जल्द जीवाश्म ईंधन से हटने की जरूरत है। आज हम जो सड़कों पर डालते हैं, वही तय करेगा कि अब से 15 साल बाद क्या होगा, इसलिए हमें भविष्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

# मनरेगा के कार्य में न हो लापरवाही –दीपक यादव ने ली सप्ताह मीटिंग

अवध की आवाज

माधौगढ़ / जालौन। ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार यादव और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लोकेन्द्रसिंह यादव ने एक बैठक पंचायत मिंमहिला ने पंचायत मित्र पर ठगी का आरोप लगाते हुए तहसीलदार और बीडीओ को एक सैकड़ा ग्रामीणों के साथ ज्ञापन दिया। माधौगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत गोरा भूपका निवासिनी सुनीता देवी पुत्री छोटेलाल ने एक सैकड़ा



ग्रामीणों के साथ पंचायत मित्र किशोर कुमार पर ठगी का आरोप लगाते हुए तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति को थाना दिवस माधौगढ़ में और खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार यादव को विकास खंड कार्यालय में एक पत्र सौंपते हुए कहा कि साहब साहब मैं विवाहिता हूं । मैं अपनी ससुराल में पति के साथ रहकर अपने परिवार का भरण–पोषण कर रही थी । तथा ग्राम पंचायत गोरा भूपका में तैनात पंचायत मित्र किशोर कुमार जो कि एक अपराधिक किस्म का व्यक्ति हैं । जिसने मेरा घर बर्बाद कर किया तथा तथा षड्यंत्र करके नगद पचास हजार रुपए तथा जेवरात लूट लिये । जब मैंने उक्त पंचायत मित्र से कहा तो इनके परिवारीजन मुझे मेरे भाई पिता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं । ऐसा पथ भ्रष्ट एवं आचरणहीन व्यक्ति को पंचायत मित्र के पद पर रहना उचित नहीं है । यह व्यक्ति मनरेगा योजना के तहत बहूबेटियों के साथ किसी भी समय कोई भी बारदात कर सकता है । गांव सभा के लोगों पर गलत तरीके से जाब कार्ड का पैसा लेकर अनियमितता करता है । तथा आठ माह से ग्राम सभा गोराभूपका के विकास के कार्यों में अवरोध पैदा कर रहा है ।वहीं राजनीति कर लोगों को परेशान कर रहा है ।ऐसी स्थिति में उक्त के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर पंचायत मित्र के पद से पदमुक्त किया जाए । उक्त महिला ने एक सैकड़ा ग्रामीणों के साथ तहसीलदार और बीडीओ से पुरजोर गुहार लगाई है कि पद भ्रष्ट पंचायत मित्र के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए पदमुक्त किया जाए । इस मौके पर रामसेवक राजकुमार राजेश जीतेन्द्र कुमार रमेश मकरंद रामाधार कुलदीप विकास नागेन्द्र सिंह लक्ष्मीनारायण राम सिंह जाविद दिनेश कुमार सौरभ अंकित सुखवीर नीरज नहीम पिंटू कैलाश लकी महेश संदीप संजीव कुमार आलोक राघवेन्द्र अवधेश अमित कुमार रमेश चंद्र रामकेश बृजमोहन रविकुमार बलवीर रामेश्वर बृजेश वृंदावन अतुल इस्तखार शिवशंकर प्रेमबाबू छोटेलाल जुझार सहित सैकड़ों ग्रामीणजन मौजूद रहे ।त्रों के साथ करते हुए कड़ाई के साथ निर्देश दिए हैं कि मनरेगा का कार्य शत–प्रतिशत हो । काम में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी । इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी छेदा लाल दोहरे , सभी सचिवों के साथ पंचायत मित्र मौजूद रहे।

# छेड़खानी करने के दो आरोपी अभियुक्त हुए गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोण्डा। इटियाथोक कोतवाली पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को महिला के साथ छेड़खानी करने वाले दो वंछित चल रहे अभियुक्तों सिया राम पुत्र राम जियावन निवासी ग्राम घोपतपुर, भुल्लू पुत्र शौखी लाल निवासी ग्राम बस्ती थाना इटियाथोक जनपद गोंडा को मुखबिर के द्वारा मिली सूचना पर उप निरीक्षक रवि प्रकाश यादव ने हमराह पुलिसकर्मियों के साथ



आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कागजी कार्रवाई करने के उपरांत जिला न्यायालय रवाना किया इस बाबत प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने बताया कि धारा 354 ए 323, 506 भादवि के वांछित फरार गिरफ्तार कर स्थानीय कोतवाली के सुपुर्दगी में किया उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में पहले से स्थानीय कोतवाली में पंजीकृत अभियोग के तहत माननीय न्यायालय भेजा गया।

# विधुत चौकिंग अभियान से मचा हड़कम्प बकायेदारों के कनेक्शन काट वसूले 5 लाख

अवध की आवाज ब्यूरो

कदौरा / जालौन। नगर क्षेत्र विधुत टीम द्वारा शाशन के निर्देश पर विधुत चौकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी जिसमे बड़े अधिक घरो के संयोजन काटे गए। एवं बड़े बकायदारों से 5 लाख की बकाया बसूली भी की गई इसी क्रम में दर्जन भर बड़े बकायेदारों के आवास से मीटर उखाड़कर आर सी



बकायेदारों के संयोजन काटते हुए कुछ लोगो के मीटरो को जांच के लिए भिजवाया गया वही 5 लाख रुपये बकाया वसूली की गयी।उक्त अभियान के चलते नगर उपभोक्ताओं में हड़कम्प मच गया। ज्ञातव्य हो कि नगर क्षेत्र में विधुत बकाया व चोरी रोकने के क्रम में शनिवार को उपखंड अधिकारी ऋषभ राजपूत के निर्देशन में जेई देवेन्द्र वाजपेई द्वारा टीम सहित नगर में चौकिंग व वसूली अभियान चलाया गया टीम देख बकायेदारों में हड़कम्प मच गया। कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में चेकिंग अभियान के दौरान ,टीम द्वारा चौकिंग करते हुए 1 दर्जन से के लिये भेजे गए।जिनके मीटर से विधुत चोरी की स्थिति देखते हुए कार्यवाही की गयी। अवर अभियंता देवेंद्र नाथ बाजपेई द्वारा चौकिंग के दौरान निर्देश दिए गए बकायदारों द्वारा भुगतान वसूली को लेकर अभियान जारी रहेगा। कार्यवाही को लेकर,उपखंड अधिकारी ऋषभ राजपूत द्वारा कार्यवाही अवगत कराते हुए कहा कि अभियान जारी रहेगा उपभोक्ता समय से अपना भुगतान करे अन्यथा कार्यवाही जारी रहेगी। मौके पर जेई देवेंद्र नाथ बाजपेई,टीजीटी राजेश कुमार,व लाइन मैन कलीम खान,सगीर ,रवि, सुनील,अनिल कुमार,रमजान आदि मौजूद रहे।

# परमार्थ समाजसेवी संस्थान द्वारा बाढ़ क्षेत्र की पीड़ित जनता को एक माह तक राशन सामग्री वितरण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई (जालौन)। परमार्थ समाजसेवी संस्थान द्वारा विकासखण्ड रामपुरा के बाढ़ प्रभावित इलाके के ग्रामीणों को एक माह की राशन सामग्री का आज से वितरण शुभारंभ किया गया। राशन वितरण का कार्यक्रम जगम्मनपुर रोड़ पर स्थित पंडित रामदत्त द्विवेदी महाविद्यालय में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मैग्सेसे पुरुष्कार से सम्मानित जलपुरुष के नाम से विख्यात राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में रामपुरा ब्लॉक के नदिया पार से ग्राम डिकोली, किशनपुरा, निनावली आदि गाँव के ग्रामीण एकत्रित हुए। संस्था के निदेशक अनिल सिंह ने बताया कि आज 27 अगस्त से लेकर 05 सितम्बर तक इस बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लगभग 2000 परिवारों को सहायता पहुँचाना इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने कहा कि परमार्थ समाज सेवी संस्थान पूरे देश मे गरीबो को सहयोग पहुँचाने का काम करती हैं। जलपुरुष ने कहा कि वर्तमान में नदियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। आज की शिक्षा ने नदियों के बहाव को रोककर नदियों का दोहन किया हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण बाढ़ के रूप में इस बीहड़ क्षेत्र को भुगतना पड़ा है। अगर हम आज नहीं संभले तो ये बाढ़ का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा तथा और भी विकराल रूप हमारे सामने आ सकते हैं। सरकार व नेताओं को पानी के संरक्षण के उपाय खोजने पड़ेंगे तभी बाढ़ जैसे हालातो से निपटा जा सकेगा।उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि राजस्थान जहाँ से वो आते है का एक इलाका सूखा प्रभावित था। जिसको उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से 11800 छोटे छोटे बांधनुमा रोक बना कर पानी का संरक्षण कर हराभरा बनाया तथा 07 नदियों को जिंदा किया हैं। सूखा तथा बाढ़ एक सिक्के के दो पहलू हैं। हमको इन दोनों पर काम करना पड़ेगा। तभी इस इलाके को बाढ़ मुक्त बनाया जा सकता हैं। इस अवसर पर जल जन जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. संजय सिंह ने बताया की बाढ़ से बचाव के लिए सरकार को चाहिये कि बांध में पानी ज्यादा होने पर पानी को सप्लीमेंट्री बाँधो में भेजा जाये। बड़े बड़े तालाबों में पानी का संरक्षण किया जाना चाहिए। क्षेत्रीय किसानों को भी जलवायु परिवर्तन के साथ व वर्षा के मौसम के साथ फसलों के बुआई का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा जल संरक्षण के प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए बाँदा की चंद्रावल व झांसी की लखेरी नदी को पुनार्जीवेत कर दिया गया हैं। कार्यक्रम में डिकोली से आये रामसिंह 80 वर्ष ने जलपुरुष से बाढ़ से बचाव के लिए उपाय पूछे। रामसिंह के सवालों के उत्तर देते हुए जलपुरुष ने कहा कि धरती का 72: पानी का हिस्सा खाली हो चुका हैं। बुंदेलखंड में 54: पानी की चोरी सूर्य कर रहा हैं। इसके बचाव के लिए पानी का संग्रहण बहुत जरूरी हैं। नदियों की धारा से छेड़छाड़ न की जाये। तभी बाढ़ से बचा जा सकता हैं। जलपुरुष ने बताया कि पूर्व में नदियों के जोड़ के प्रोजेक्ट को बंद करना उनकी जल संरक्षण पर एक बड़ी जीत हैं। वर्तमान में नदियों के झगड़े को निपटना न्यायपालिका के बस में नही हैं। जल पुरूष ने कहा कि 2026 तक देश के 90 शहर पानी से शून्य हो जायेगे। जिसमे चेन्नई पहले ही हो चुका हैं। दूसरा नम्बर शिमला व तीसरा बेंगलुरु हैं। जबकि सरकार द्वारा अपने आंकड़ों में 25 शहरों की बात कही जा रही हैं। कार्यक्रम में परमार्थ के सचिव डॉ. संजय सिंह, निदेशक अनिल सिंह, रामपुरा चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख अजीतसिंह, वरिष्ठ पत्रकार के. पी. सिंह, अनिल कुमार शर्मा, उपजा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक अग्निहोत्री ने भी बाढ़ एवं सूखा की विभीषिका से निपटने के उपाय ग्रामीणों को बताये। इस अवसर पर वरुण सिंह, शिवमंगल सिंह, अमित पुरवार, संतोष कुमार, मयंक कुमार, अजीत, निर्मल पाल, भीकम, पृथ्वीराज, शिवम, राजेश आदि सहित संस्था के कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



# राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौपा ज्ञापन

अवध की आवाज ब्यूरो

_उरई (जालौन) राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मंगल सिंह (बबलू खांगर) के नेतृत्व में आज शनिवार को मनोज बाल्मीकि, अरुण कुमार, रमाकांत सिंह, अनंतराम नगर अध्यक्ष, जगमोहन कोरी, जसवंत सिंह सहित संगठन के दर्जन भर लोगों ने तहसील सदर पहुंच कर राज्यपाल को सम्बोधित 9 सूत्रीय मांगपत्र तहसीलदार को भेंट करते हुए बताया कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बचाने के लिए प्रबंध किये जाये जिससे किसानों की फसलें सुरक्षित रह सके तथा ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़कों को तुरंत ठीक करवाया जाये, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब और पात्र लोगों को आवास नहीं मिल रहे है जिनकी जांच करवा कर पात्र गरीब लोगों को आवास उपलब्ध करवाये जाये इसके साथ ही अन्य 9 विभिन्न समस्याओं को भी ज्ञापन में शामिल किया है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक 01 को

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई (जालौन) उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जालौन स्थान उरई ने बताया कि माह अगस्त, 2021 की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी जालौन की अध्यक्षता में 01 सितंबर को अपरान्ह् 4:30 बजे विकास भवन सभागर, उरई में आहूत की गयी हैं। अतः उद्यमी सघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं, (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) उनसे अनुरोध है कि कृपया समस्या तथा सुझाव सहित एवं सम्बन्धित सभी अधिकारी गण विगत बैंठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही प्रगति सहित बैठक में भाग लेने का कष्ट करें।

# तुषार मिश्रा बने न्यूनतमध्दैनिक वेतन कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष

अवध की आवाज ब्यूरो

*लखीमपुर खीरी। न्यूनतमध्दैनिक वेतन कर्मचारी संघ, जनपद लखीमपुर खीरी के उत्तर खीरी वन प्रभाग, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर खीरी के कार्यवाहक अध्यक्ष तहसील निघासन अंतर्गत गाँव झंडी राज निवासी तुषार मिश्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया है। बताते चलें कि न्यूनतमध्दैनिक वेतन कर्मचारी संगठन लखीमपुर खीरी का द्विवार्षिक अधिवेशन रफी उल्ला खाँ प्रांतीय महामंत्री महंत सिंह, अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला खीरी व अजीत कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त जिला खीरी एवम नागेंद्र पांडेय, अध्यक्ष सहायक वन कर्मचारी संघ जिला खीरी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमे जिला कार्यकारिणी न्यूनतमध्दैनिक वेतन कर्मचारी संघ जिला खीरी के निम्नलिखित सर्वसम्मति से चयनित हुए है। संरक्षक के रूप में नवल किशोर, जिलाध्यक्ष रफी उल्ला खाँ, कार्यवाहक अध्यक्ष तुषार मिश्रा, अकरम कार्यवाहक अध्यक्ष, गुलाब प्रसाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीज अहमद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार मंत्री, विक्रम वर्मा मंत्री, मनोहर लाल संगठन मंत्री, बुद्धेश मणि संयुक्त मंत्री, मनोहर कोषाध्यक्ष, रामू प्रचार मंत्री को कार्यकारिणी में चयनित किया गया है।*

# भोजपुरी ऐक्ट्रेस प्रियंका पंडित ने अपने प्राइवेट वीडियो पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- मेरे खिलाफ हो रही साजिश

मुंबई, (वेब वार्ता)। भोजपुरी फिल्म ऐक्ट्रेस प्रियंका पंडित हाल ही में एक प्राइवेट एमएमएस वीडियो के इंटरनेट पर लीक होने को लेकर खबरों में खूब छाई रहीं। इस का यह वीडियो भोजपुरी ऐक्ट्रेस तश्षा कर मधु के प्राइवेट एमएमएस सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लीक हुआ। इस वीडियो में वह अपने कथित 'बॉयफ्रेंड' के



वीडियो को लेकर ऐक्ट्रेस ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है और मीडिया से इसे लेकर बातचीत की। प्रियंका का कहना है कि किसी ने उनकी इमेज को खराब करने के लिए जानबूझकर यह साजिश रची है। याद दिला दें कि प्रियंका साथ नजर आ रही थीं। हालांकि, प्रियंका ने कहा है कि उस वीडियो में जो भी लड़की नजर आ रही है वह उनकी तरह ही दिख रही हैं, लेकिन इस वीडियो में वह नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनके करियर को बर्बाद करने के लिए इस एमएमएस को उनके खिलाफ लीक किया गया है। इस एमएमएस वीडियो के लीक होने के बाद भी प्रियंका पंडित सोशल मीडिया पर ऐक्टिव हैं। प्रियंका सोशल मीडिया पर ऐक्टिव तो हैं, लेकिन अश्लील और भद्दे कॉमेंट्स की वजह से उन्होंने कॉमेंट सेक्शन को ब्लॉक कर रखा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रियंका ने इस मामले में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। प्रियंका पंडित ने भोजपुरी में 'पवन पुत्र', 'इच्छाधारी', 'आवारा बालम', 'कर्म युग' और 'तोड़ दुश्मन की नली राम और अली' जैसी फिल्मों में काम किया है। प्रियंका फिलहाल कई भोजपुरी फिल्मों में काम कर रही हैं। अब वह फिल्म 'दिल मत देना मेरी सौतन को' और 'पुलिसगीरी' में नजर आएंगी। इसके अलावा वह किशन राय, संचिता बनर्जी, गार्गी पंडित, कनक पांडे, निशा दुबे और प्राची सिंह के साथ फिल्म 'पांच मेहरिया' में भी नजर आएंगी।

# 52 की उम्र में भी जमकर वर्कआउट करती हैं भाग्यश्री, खूबसूरती ऐसी कि नई ऐक्ट्रेसेस भी पड़ जाएं फीकी

मुंबई, (वेब वार्ता)। भाग्यश्री का नाम लेते ही बॉलिवुड की सबसे शानदार फिल्मों में से एक 'मैंने प्यार किया' ही याद आता है। फिल्मों से दूर रहने वाली भाग्यश्री एक बार फिर कंगना रनौत की फिल्म 'थलाइवी' से कमबैक कर रही हैं। 52 साल की उम्र में भाग्यश्री किसी यंग ऐक्ट्रेस की तरह नजर आती हैं और इसके लिए वह जमकर वर्कआउट करती हैं। भाग्यश्री ने वर्कआउट का एक लेटेस्ट वीडियो भी पोस्ट किया है। भाग्यश्री अपने इस लेटेस्ट वीडियो में स्ट्रेच करती नजर आ रही हैं। इसस पहले भी भाग्यश्री अपने वर्कआउट वाले कई वीडियोज पोस्ट कर चुकी हैं, जिसमें साफ दिखता है कि वह अपनी फिटनेस के लिए कितना पसीना बहाती हैं। हाल ही में भाग्यश्री ने मोनोकिनी में भी अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर



किए, जिसमें वह स्विमिंग पूल में मस्ती करती नजर आ रही हैं। कंगना ने भाग्यश्री के साथ काम करने को लेकर खुशी जताई है। कंगना ने पिंकविला से बातचीत में कहा, 'जब हम मिले, तो मेरे पास उनके लिए बहुत सारे सवाल थे। हम सभी ने उनका शानदार लॉन्च देखा है, लेकिन उन्होंने जल्दी ही फिल्मों को बाय कह दिया था। अपनी अब तक जर्नी और कमबैक पर बात करते हुए भाग्यश्री ने मुझे कई सारी दिलचस्प बातें बताई हैं। वो अच्छी चीजों के लिए हमेशा तैयार हैं। भाग्यश्री मेरी पसंसीदा स्टार्स में से एक रही हैं और अब मैं उनके साथ काम कर रही हूं। मैं अपने आपको बहुत खुशकिस्मत मानती हूं।

# सुहाना खान ने फिर शेयर की अपनी ग्लैमरस तस्वीर, लुक्स में बॉलिवुड ऐक्ट्रेस पर भी पड़ीं भारी

मुंबई, (वेब वार्ता)। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने भले ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अब तक डेब्यू नहीं किया है। लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग हैं। जिसकी वजह से जब भी वह अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं वह वायरल फैन्स के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इससे पहले सुहाना ने रेड कलर के बॉडीकॉन ड्रेस में खुद की खूबसूरत सी तस्वीर शेयर की थीं। जिसमें उनके ग्लैमरस अवतार के साथ बॉलिवुड की सुपरहिट ऐक्ट्रेस फीकी हैं। सुहाना अपने पिता शाहरुख खान के



होने लगती हैं। शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक तस्वीर शेयर की हैं। जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। सुहाना ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,'आखिरी दिन।' इस तस्वीर में सुहाना बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने ब्लैक कलर का स्लिप टॉप पहना था, जिसके ऊपर व्हाइट टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहना था। सुहाना इन तस्वीर में बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। सुहाना अक्सर अपने सोशल मीडिया नक्शेकदम पर चलती नजर आ रही हैं। शाहरुख खान ने पहले ही साफ कर दिया है कि सुहाना पहले अपनी पढ़ाई पूरी करेंगी उसके बाद ही ऐक्टिंग के क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमाएंगी। वह फिलहाल यूएस में फिल्म मेकिंग में अपनी पढ़ाई कर रही है। सुहाना पहले ही 'द ग्रे पार्ट ऑफ ब्लू' नाम की शॉर्ट फिल्म में अपनी ऐक्टिंग का जादू सबको दिखा चुकी हैं। पिछले साल सुहाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को पब्लिक किया। सुहाना सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहती हैं।

# पठान के गाने की शूटिंग स्पेन में करेंगे शाहरुख, दीपिका पादुकोण

मुंबई, (वेब वार्ता)। सुपरस्टार शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म पठान के लिए स्पेन में एक गाने की शूटिंग करेंगे। शाहरुख और दीपिका न केवल स्पेन में अपनी फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्सों की शूटिंग करेंगे बल्कि वहां एक बड़े पैमाने पर गाने की शूटिंग भी करेंगे। एक सूत्र ने कहा, किसी भी बॉलीवुड फिल्म ने कभी भी इन जगहों पर गाने के दृश्यों की शूटिंग नहीं की है। सिड आनंद स्पेन में एक गाने की शूटिंग करेंगे और सभी संभावित लीक को नियंत्रित करने के लिए चीजें पूरी तरह से व्यवस्थित की जा रही हैं। इरादा एक ऐसा गीत बनाने का है जो इतना भव्य हो कि यह तुरंत हिट हो जाए। स्पेन में शूटिंग के आसान अनुभव के लिए सभी आवश्यक अनुमतियों पर काम किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, सिड आनंद और आदित्य चोपड़ा भारतीय सिनेमा को विश्व मानचित्र पर फिर से परिभाषित करना चाहते हैं और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पठान में जॉन अब्राहम भी हैं। फिल्म के बारे में अन्य विवरणों का अभी खुलासा नहीं कया गया है।



# राजद, परिवार में कलह के बीच मथुरा गए तेज प्रताप

मथुरा, (वेब वार्ता)। बिहार के प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भीतर जारी आंतरिक खींचतान के बीच लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव शांति की तलाश में मथुरा चले गए हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने अपने गुरु के साथ पारिवारिक कलह पर चर्चा की है और फिलहाल अध्यात्म को अपनाने का फैसला किया है। वह इन दिनों उत्तर प्रदेश के तीर्थ नगरी मथुरा की धार्मिक यात्रा पर हैं। हालांकि उन्होंने इस बार मीडिया से दूरी बनाए रखी है। तेज प्रताप पिछले दो दिनों से मथुरा में अपने धार्मिक गुरु के आवास पर हैं। तेज प्रताप यादव का एक धार्मिक गुरु से आशीर्वाद लेने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। राजद में अंदरूनी कलह इन दिनों सुर्खियां बटोर रही है। तेज प्रताप यादव प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को हटाने की मांग करते रहे हैं, जबकि उनके भाई और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव इसका समर्थन नहीं कर रहे हैं। इससे पहले भी तेज प्रताप शांति की तलाश में मथुरा गए थे, जब उनका पत्नी से विवाद हो गया था। यह कहा जा रहा है कि उनके मथुरा से दिल्ली जाने की पूरी संभावना है।



# छोटी गंडक नदी में तीन बच्चे डूबे

देवरिया, (वेब वार्ता)। देवरिया जिले के खैराट गांव के पास छोटी गंडक नदी में शुक्रवार को नहाते समय तीन बच्चे डूब गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, तीनों बच्चे खामपार थाना अंतर्गत खैराट गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि बच्चे छोटी गंडक नदी में नहाते समय पैर फिसल जाने से गहरे पानी में डूब गए। कुछ ग्रामीणों ने बच्चों को बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव बहुत तेज होने के कारण वे बच्चों को बचा नहीं पाए। बाद में ग्रामीणों ने तीनों शवों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।खामपार के थाना प्रभारी विपिन मलिक ने बताया कि बरसात की वजह से नदी इस समय उफान पर है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर खैराट गांव के रहने वाले अंकुश (सात), मोहित (नौ) और बुलबुल (आठ) नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान बच्चों का पैर फिसल गया और तेज धारा के चलते तीनों गहरे पानी में बह गए और डूब जाने से उनकी मौत हो गई।

# बीटीएस का कहना है कि सफलता का दबाव भारी

सियोल, (वेब वार्ता)। के–पॉप सुपर बैंड बीटीएस ने अपने वैश्विक स्टारडम के बारे में बात की है ने कहा, हम 2017 से अपना हॉर्न बजाने से बच रहे हैं क्योंकि हम किसी दिन भुगतान से डरते हैं।



और कहा है कि जरूरी नहीं कि वे अपनी सफलता से घर जैसा महसूस करें। कोरियाई अभिव्यक्ति का मतलब है क्षमता की कमी या छोटी सोच का उपयोग करते हुए, सुगा ने बिलबोर्ड पत्रिका को बताया, हम असाधारण लोग नहीं हैं – हमारी प्लेट छोटी है। हम चावल के कटोरे के आकार के लोग हैं जो इसमें बहुत कुछ डाल रहे हैं। यह अतिप्रवाह है। वी ने कहा, दबाव भारी रहा है। फीमेलफर्स्टडॉटकोडॉटयूके की रिपोर्ट के अनुसार, सेप्टेट, जिसमें वी, जुंगकुक, जिमिन, जिन, सुगा, आरएम और जे–होप शामिल हैं, 2017 के आसपास घरेलू नाम बन गए, विशेष रूप से विंग्स के फिर से जारी यू विल नेवर वॉक अलोन के साथ ज्यादा मशहूर हुए। फीमेलफर्स्टडॉटकोडॉटयूके की रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, रैपर आरएम ने कहा कि अगर वे उन्हें काटने के लिए वापस आते हैं तो वे बहुत अधिक आत्मविश्वासी नहीं होने की कोशिश करते हैं। आरएम हम लगातार काम के बारे में सोचते हैं। सुगा ने कहा कि उनके बेतहाशा सपने भी उनके द्वारा हासिल की गई सफलता के स्तर तक नहीं मापे गए। उन्होंने कहा, हमने इतनी छोटी कंपनी के माध्यम से अपनी शुरूआत की और यह पहले दिन से ही कठिन रहा है। मेरा सपना कभी बड़ा नहीं था। गायक जिन ने नोट किया कि बैंड का परिप्रेक्ष्य व्यापक हो गया है जैसे–जैसे वे बड़े होते गए, जबकि नर्तक जे–होप ने साझा किया कि वे सालों में ज्यादा विवेकपूर्ण बन गए हैं। उन्होंने कहा, आप अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर सकते। जब हम 20 साल के थे, तब हमारे पास हिम्मत थी। हम बिना देखे ही आगे बढ़ गए। अब हम अधिक विवेकपूर्ण हैं। जेमिन ने कहा कि वह खुद शांत हो गए हैं और उन्हें पता है कि जीवन में ध्यान केंद्रित करने के लिए और भी बहुत कुछ है। जेमिन ने कहा, मैं शांत हो गया हूं। मेरे दिमाग में विचार करने के लिए और भी चीजें हैं।

# पेट्रोल, डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। कच्चे तेल की कीमत 72 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होने के बावजूद, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की। इस हिसाब से राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल 101.49 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.92 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। यह लगातार चौथा दिन है जब ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश भर में भी, शनिवार को ईंधन की कीमतें अपरिवर्तित रहीं, लेकिन प्रत्येक राज्य में स्थानीय करों के स्तर के आधार पर उनकी खुदरा दरें भिन्न थीं। गिरावट के बाद, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें पिछले एक हफ्ते में मजबूती के साथ 72 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गई थीं। इस महीने ऑटो ईंधन के लिए मूल्य संशोधन फिर से शुरू होने से पहले, इसकी दरें 18 जुलाई से 21 अगस्त के बीच 35 दिनों के लिए स्थिर थीं। कीमतों में यह ठहराव चालू वित्त वर्ष में ईंधन की कीमतों में 41 दिनों तक बढ़ोतरी के बाद आया है।

# नियोबैंक फ्रीओ की इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ भागीदारी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। अपनी तरह के पहले क्रेडिट–आधारित नियोबैंक फ्रीओ ने इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से जीरो–बैलेंस बचत खाता शुरू करने की घोषणा की है। इस बचत खाते का नाम फ्रीओ सेव होगा।फ्रीओ सेव ग्राहकों को पूरी जानकारी के साथ वित्तीय निर्णय लेने और इस प्रक्रिया में अपना क्रेडिट प्रोफाइल मजबूत करने की अनुमति देता है। इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक की ओर पेश किया जा रहा बचत खाता एक लाख रुपए और उससे अधिक के बैलेंस पर 7 प्रतिशत की ब्याज दर और बिलों के भुगतान को आसान बनाने के लिए यूपीआई के साथ सहज एकीकरण भी प्रदान करता है। फ्रीओ के सह–संस्थापक अनुज काकर ने कहा, ष्फ्रीओ में हम समझते हैं कि सही दिशा में छोटे कदम आपको पैसे बचाने, स्मार्ट तरीके से खर्च करने और क्रेडिट हेल्थ बनाने में कैसे मदद कर सकते हैं। इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ हमारे फ्रीओ बचत खाते के लॉन्च के साथ हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उनकी वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में बेहतर कदम उठाने में मदद करना है। हम मानते हैं कि लोगों के पास अपने खर्च करने के पैटर्न का विश्लेषण करने और छोटे कदम उठाने की ताकत है जो उन्हें बस थोड़ी–सी मदद से अपना क्रेडिट स्कोर बनाने और बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वास्तव में फ्रीओ की छत के नीचे हमारी सभी सुविधाओं और समाधानों को इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। इससे हम उपयोगकर्ताओं को बिना किसी डर के खर्च करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। साथ ही उन्हें उनकी सभी इच्छाओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सुविधा प्रदान करते हैं। इस साझेदारी पर बैंक के सीडीओ वैभव जोशी ने कहा, "हम पहले ग्राहक होने में विश्वास करते हैं और हमारी फिलोसॉफी अपने ग्राहकों को व्यवहारिकता, सुविधा और सहजता प्रदान करना है। हम छोटे वित्त के क्षेत्र में ग्राहकों के लिए नए युग का डिजिटल बैंकिंग अनुभव देने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो इसी तरह की विचारधारा के साथ फ्रीओ के साथ हमारा सहयोग आगे बढ़ने का सही तरीका लगता है। हमें विश्वास है कि हमारा तकनीकी ढांचा सभी शहरों में विश्वस्तरीय उपभोक्ता को पहला डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के एकीकृत दृष्टिकोण को सशक्त बनाएगा। नियो बैंकिंग इक्विटास बैंक में हमारी डिजिटल 2.0 रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। फ्रीओ का बैकग्राउंड और उनकी लैंडिंग प्रैक्टिस में 1.5 करोड़ यूजर बेस को सर्विसेस देने की ताकत के साथ यह साझेदारी हमारे बैंकिंग समाधानों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

# अब नेपाल के लोग एक बार में स्वदेश भेज सकेंगे दो लाख रुपये

मुंबई, (वेब वार्ता)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारत में काम करने वाले नेपाल के लोगों के लिए एक बार में स्वदेश भेजी जाने वाली राशि की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी है। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा कि स्कीम की समीक्षा के बाद यह तय किया है कि अब भारत में काम कर रहे नेपाल के लोग अपने देश एक बार में 50 हजार रुपये की जगह दो लाख रुपये भेज पाएंगे। साल में केवल 12 बार ही राशि भेज सकने के नियम को भी समाप्त कर दिया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि नेपाली मूल के लोगों द्वारा 50 हजार रुपये तक भेजी जाने वाली राशि या इससे अधिक भेजी जाने वाली राशि पर शुल्क निर्धारण का अधिकार स्टेट बैंक को होगा। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने नेपाल के लोगों खासकर प्रवासी श्रमिकों के लिए भारत से नेपाल राशि भेजने की स्कीम की शुरुआत मई 2008 में की थी। इस स्कीम के तहत एनईएफटी के माध्यम से हर महीने एक बार में 50 हजार रुपये तक भेजने की सुविधा प्रदान की गई थी। यह सुविधा एक साल में मात्र 12 बार के लिए ही दी गई थी।

# अनुपम खेर ने अपनी 519वी फिल्म 'शिव शास्त्री बालबोआ' की शूटिंग की पूरी

मुंबई, (वेब वार्ता)। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने अपने करियर की 519वी फिल्म कर ली हैं। अनुपम खेर की 'शिव शास्त्री बालबोआ' 519वी फिल्म है जिसकी शूटिंग उन्होंने आज पूरी कर ली है। उन्होंने ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक वीडियो शेयर किया और एक पोस्ट लिखते हुए कहा कि, अंततः मेरी 519वी फिल्म शिव शास्त्री बालबोआ की शूटिंग समाप्त हुई। यह काफी उतार चढ़ाव वाली यात्रा रही। मैं अपने प्रोड्यूसर्स, लाइन प्रोड्यूसर्स, टेक्नीशियन और मेरे सह– कलाकारों को को धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने ने मुझे इतना प्यार और सहारा दिया। इन 40 दिनों में हम सभी ने उत्कृष्ट काम किया है। भविष्य में दोबारा मिलने की कामना करता हूं। वीडियो में अनुपम खेर अपनी फिल्म की टीम के साथ बैठे हुए नजर आ रहे है जिसमें वह सभी को धन्यवाद कह रहे हैं। वीडियो के अंत में वे सभी के साथ जय हो बोलते हुए भी नजर आ रहे हैं। बता दें इस फिल्म में अनुपम खेर और नीना गुप्ता दोनो मुख्य किरदार में नजर आएंगे। जिसका निर्देशन मलयालम निर्देशक अजायन वेणुगोपालन द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की कहानी 2 इंडियन कपल की है जो अमेरिका के छोटे से गावं में रहते है। इस फिल्म की शूटिंग भी अमेरिका में हुई है।

# न्यायालय द्वारा पारित स्थगन आदेश का शत प्रतिशत पालन करें-उप जिला मजिस्ट्रेट सूरज पटेल

अवध की आवाज ब्यूरो चीफ,, विनोद

गोण्डा।। जमीन विवाद मामले में पुलिस व राजस्व कर्मी न पड़े न्यायालय के आदेशों का पालन करें। यह बात मोतीगंज थाना परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर सूरज पटेल ने पुलिस व राजस्व कर्मीयों से कहीं उन्होंने कहा कि यदि किसी न्यायालय से स्थगन आदेश पारित हैं तो उसका पालन करना सुनिश्चित करें घजिसे पीड़ित को समय से न्याय मिल सके।तथा पुलिस व राजसय कर्मियों का समय न बर्बाद हो। विविद हों की मोतीगंज थाना क्षेत्र के किनकी गांव निवासी गंगा राम द्वारा दो भाईयों के मध्य जमीनी विवाद में मुसफ मजिस्ट्रेट द्वारा पारित स्थगन आदेश का पालन पुलिस द्वारा समय से न किए जाने पर थाना दिवस में मौजूद गंगा राम द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल को आप बीती सुनाते हुए कहा कि स्थगन आदेश पारित होने के बाद भी मेरे समस्या का हल नहीं हो रहा है। पीड़ित गंगाराम की बातों को सुनकर उप जिला मजिस्ट्रेट ने मौजूद पुलिस वराजस्व कर्मियों से कहा कि जब मुसिफ मजिस्ट्रेट का स्थगन आदेश पारित है।तो दुसरे आदेश की आवश्कता नहीं है। इसका पालन सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित चार प्रार्थना पत्र प्रात हुए जिसका मौके पर कोई भी निस्तारण नहीं हुआ।



# जन–धन योजना ने भारत के विकास की गति बदली: मोदी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन–धन योजना (पीएमजेडीवाई) के सात साल पूरे होने के अवसर पर शनिवार को कहा कि इस पहल ने ना सिर्फ भारत के विकास की गति को हमेशा के लिए बदल दिया है बल्कि इसने अनगिनत भारतीयों का वित्तीय समावेशन, सम्मान का जीवन और सशक्तीकरण सुनिश्चित किया है।केंद्र सरकार द्वारा देश के नागरिकों तक बैंकिंग सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2014 में शुरू की गई पीएमजेडीवाई ने 28 अगस्त 2021 को सात वर्ष पूरे किये हैं।प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, "आज पीएम जन–धन योजना के सात साल हो रहे हैं। एक ऐसी पहल जिसने भारत के विकास की गति को हमेशा के लिए बदल दिया। इस योजना ने वित्तीय समावेशन और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के साथ ही अनगिनत भारतीयों का सशक्तीकरण सुनिश्चित किया है। जन–धन योजना ने पारदर्शिता को मजबूत करने में भी मदद की है।"इस अवसर पर उन्होंने इस योजना को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों की सराहना करते हुए कहा, "उनके प्रयासों ने भारत के लोगों के जीवन को बेहतर बनाना सुनिश्चित किया है।



अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
R.N.I.- UPHIN/2012/45127
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।